मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी – मार्च, 1992 सत्र

दैनिक कार्य सूची

सोमवार, दिनांक 24 फरवरी, 1992 (फाल्गुन 5, 1913)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री रामहित गुप्त, वित्त मंत्री, राज्य वित्त निगम अधिनियम, 1951 (क्रमांक 63 सन् 1951) की धारा 38 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश वित्त निगम की छत्तीसवीं वार्षिक रिपोर्ट वर्ष 1990-91 पटल पर रखेंगे.

(2) श्री कैलाश जोशी, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य उद्योग निगम लिमिटेड का छब्बीसवां वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे वर्ष 1986-87 पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138(1) के अधीन ध्यानाकर्षण

(1) श्री पूरसिंह पवार, सदस्य, राजगढ़ जिले के छापी बांध से कृषकों को सिंचाई हेतु पानी न मिल पाने की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) सर्वश्री महेन्द्र बौद्ध, नानालाल पाटीदार, सदस्य, प्रदेश के कुछ शक्कर कारखानों द्वारा कृषकों को गन्ने की कीमत का सही भुगतान न किये जाने की ओर कृषि मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. वर्ष 1992-93 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा

भोपालः
दिनांकः 22 फरवरी, 1992

विधुवेन्द्र मेहता
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा